Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up Textile Park in Ichalkaranji in Hatkanangle Parliamentary Constituency, Maharashtra-laid.

श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे (**हातकणंगले**): Textile सेक्टर रोज़गार देने वाला क्षेत्र है और हमारी अर्थव्यवस्था में इसका महत्वपूर्ण योगदान है । माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने 2021 बजट भाषण में PM Mega Integrated Textile Region and Apparel (PM MITRA) की घोषणा की है । मैं हातकणंगले लोक सभा क्षेत्र का प्रतिनिधि हूँ और मेरे क्षेत्र के अंतर्गत इचलकरंजी शहर स्थित है जिसे महाराष्ट्र का manchester कहा जाता है और यहाँ पर सबसे प्रमुख कपड़े का उद्योग है जिसमे 1 लाख से अधिक संख्या में कामगार कार्यरत है । इचलकरंजी में 1 लाख plain powerloom , 25000 shuttleless powerloom, 100 processing unit और 225 sizing unit है जहा पर प्रतिदिन 1.5 करोड़ मीटर कपड़े का उत्पादन होता है और इसके बाद इसको देश के विभिन्न राज्य मुख्यतः गुजरात, राजस्थान, तमिल नाडु, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और पंजाब और देश के बाकी राज्यों को निर्यात किया जाता है । अभी GST और कोरोना महामारी के कारण इचलकरंजी के कपड़ा उद्योगों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है और कई कारखानों को बंद भी करना पड़ा जिससे बहुत सारे कामगार बेरोज़गार भी हुए है.

मेरा सरकार से निवेदन है की 2021 के बजट में जो PM MITRA park योजना की घोषणा हुई है जिसमे अगले 3 वर्षों में 7 textile parks की स्थापना की बात कही गयी है इसमें इचलकरंजी को शामिल किया जाए और वहाँ textile park की स्थापना के लिए तत्काल सरकार कदम उठाये जिससे इचलकरंजी के टेक्स्टाईल उद्योग को बढोथी मिलेगी और रोज़गार के अवसर निर्माण होंगे । मेरे लोकसभा क्षेत्र का विकास हो और यहाँ काम करने वाले कामगारों को आर्थिक सहायता प्राप्त हो । धन्यवाद ।